Reg:-Govt.of india
# समाचार संध्या
झारखण्ड
SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya
समाचार संध्या न्यूज
Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com शनिवार 05 जुलाई 2025




समाचार संध्या में ad लगाने के लिया संपर्क करे I
Email :- samacharsandhiyanews@gmail.com
www.samacharsandhiya.com
Mob no:- 9955516169

समाचार संध्या मे ad लगाने के लिया संपर्क करे I
Email :- samacharsandhiyanews@gmail.com
www.samacharsandhiya.com
Mob no:- 9955516169

# राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट आरिफ कुरैशी**

रामगढ़। राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के संयुक्त नेतृत्व में उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचातु, दुलमी में एक दिवसीय जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जाँच की गयी। कुल





मिलाकर 65 बच्चे की जाँच डॉ. पल्लवी कौशल, जिला सलाहकार एवं रूपा कुमारी- आम दुलम के द्वारा की गई। कुल 24 बच्चों में जॉच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर एल.टी श्री जीतेन्द्र कुमार के द्वारा जाँच उपरान्त 12 बच्चों में इस बिमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में जॉच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कुल के स्टाफ को दी गई। डॉ. पल्लवी कौशल के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले Fluoride तत्व के कारण होती हैं व साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में Fluoride इक्टठा नही होता हैं। उनके द्वारा यह भी बताया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पैशाव में फ्लोरोसिस बीमारी की जाँच करवा सकता हैं। शिविर को सफल बनाने हेतु क्षेत्र की सी०एच०ओ०, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# मोहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न





**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट निरंजन महतो**

रजरप्पा। दुलमी प्रखंड सभागार में आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी किशोरी यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा ने की। बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख धर्मधीर महतो के साथ-साथ मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष, सचिव, लाइसेंसधारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मोहर्रम का जुलूस तय रूट से ही निकाला जाएगा। किसी भी प्रकार का भड़काऊ गाना नहीं बजेगा एवं डीजे की ध्वनि सीमा का अनुपालन किया जाएगा। सोशल मीडिया पर कोई फेक या आपत्तिजनक पोस्ट न हो, इसे लेकर सभी को सतर्क किया गया तथा उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से सहयोग की अपील की गई,मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने हेतु सभी समुदायों ने एकमत होकर सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर मुखिया रंजू देवी राजीव मेहता परमेश्वर पटेल शेख बहादुर पंचायत सचिव वासुदेव महतो प्रकाश चटर्जी राजीव कुमार हैदर अंसारी बिंदेश्वर सोरेन बबलू कुमार उतम कुमार अल्ताफ़ अंसारी सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के साथ तीन पंचायत के अध्यक्षों सहित प्रखंड और छात्र संघ के पदाधिकारियों ने आजसू से दिया इस्तीफा




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुध बाजार में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में रिवर साइड के तीनों पंचायत से पंचायत अध्यक्षों, प्रखंड पदाधिकारियों ने शनिवार को पार्टी एवं पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों में विश्वरंजन सिन्हा के साथ, प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां, प्रखंड प्रभारी आयुष सिंह, प्रखंड सह सचिव दिलीप महतो, चिप हाउस पंचायत अध्यक्ष छोटू यादव, दोतल्ला पंचायत विजय पासवान पंचायत अध्यक्ष, पंचायत सचिव कृष्णा कुमार, इमलीगाछ पंचायत अध्यक्ष बबलू कुमार भुइयां, दिनेश कुमार जुबिली कॉलेज कमिटी छात्र संघ सह प्रभारी, मोलू कुमार छात्र संघ, सूरज साव पंचायत कोषाध्यक्ष, विशाल कुमार छात्र संघ आदि शामिल हैं

---

# पटना के उद्योगपति व रोटरी 3250 के पूर्व जिलापाल गोपाल खेमका की हत्या पर जताया शोक, भुरकुंडा रोटरी क्लब



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी इंटरनेशनल 3250 के पूर्व जिलापाल एवं पटना के प्रतिष्ठित उद्योगपति रोटेरियन गोपाल खेमका की बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस हृदयविदारक घटना से रोटरी परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। रोटरी क्लब भुरकुंडा एवं रोटरी कम्यूनिटी कॉर्प्स के संयुक्त तत्वावधान में इस जघन्य हत्याकांड की घोर निंदा की गई है। रोटरी क्लब भुरकुंडा एवं रोटरी कम्यूनिटी कॉर्प्स ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक-संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। साथ ही बिहार सरकार से इस कांड में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई है। शोक प्रकट करने वालों में रोटरी भुरकुंडा क्लब के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, सचिव समरेन्द्र साह, प्रमजीत सिंह धामी, डॉ. एनके. सिंह, प्रवीण शर्मा, अजय गोयल, श्रीकांत गुप्ता, धनंजय अग्रवाल, अशोक मनकसिया, चंद्रशेखर अग्रवाल, अशोक शर्मा, रामकिशोर प्रसाद, मुख्तार सिंह, एनपी सिन्हा, गजानंद प्रसाद, अशोक लाल, गुलाब प्रसाद, गौरी सिन्हा, सोलन मोदी, गौतम मुखर्जी, संजय राम, बनवारी महतो एवं अशोक शर्मा शामिल हैं। सभी ने एक स्वर में इस निर्मम हत्या की भर्त्सना की और गोपाल खेमका के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुहर्रम को लेकर भुरकुंडा में चला सफाई अभियान, जेसीबी से की गई सफाई



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। मुहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र में साफ सफाई अभियान चलाया गया है। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और भुरकुंडा पुलिस की पहल पर थाना चौक, गोपाल होटल, मेन रोड गुरुद्वारा सहित कई स्थानों पर जेसीबी की मदद से सफाई कार्य कराया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साफ-सफाई से पर्व को शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में मनाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, समाजसेवी चमन लाल, बबन भुइयां समेत कई लोग उपस्थित थे।

---

# दो दिवसीय कलस्टर लेबल फुटबॉल प्रतियोगिता गिद्दी ए डीएवी में हुआ संपन्न संपन्न

## वहीं बालिका वर्ग में भी कोडरमा की टीम ने अपना दबदबा बनाते हुए रजरप्पा डीएवी को पराजित किया

**समाचार संध्या**

गिद्दी।डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए में डीएवी स्पोर्ट्स के तत्वाधान में आयोजित क्लस्टर लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-17 (बालक) वर्ग में डीएवी गिद्दी और डीएवी कोडरमा के बीच खेले गए फाइनल मैच के साथ संपन्न हो गया। जिसमें डीएवी कोडरमा ने डीएवी गिद्दी को एक रोमांचक मुकाबले में 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। वहीं अंडर-14(बालक) वर्ग में डीएवी कोडरमा ने डीएवी गिद्दी को 3-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।बालिका वर्ग (अंडर- 17) के एक अन्य मैच में डीएवी कोडरमा ने डीएवी रजरप्पा को 5-0 से पराजित किया। फाइनल प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीम के पुरस्कार वितरण समारोह में यू .के रॉय(प्राचार्य, डीएवी केदला), डॉ.रजनीश कुमार (प्राचार्य,डीएवी हजारीबाग), आशुतोष कुमार (प्राचार्य, डीएवी बरही), मुस्तफा मजीद(प्राचार्य, डीएवी बरकाकाना), डॉ.सोनिया तिवारी(प्राचार्य, डीएवी उरीमारी) एवं मनप्रिय चटर्जी (प्राचार्य, डीएवी







गिद्दी) मौजूद थे। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में आयोजित सभी मैचों को मैच रेफरी जितेंद्र सिंह, भोला जी, जितेंद्र हांसदा और मुकेश बेसरा ने निर्देशित किया। मौके पर प्राचार्य यू.के राय ने कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों में अनुशासन धैर्य और खेल भावना का विकास होता है। प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि डीएवी गिद्दी ए ने अपने सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के सहयोग से एक भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक किया। प्राचार्य मनप्रिया चटर्जी ने इस टूर्नामेंट में आए हुए सभी खिलाड़ियों और उनके मैनेजर को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जोनल और नेशनल लेवल में क्वालीफाई करने के लिए शुभकामनाएं दी।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के नए सत्र 2025-26 के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने संभाली कमान

### सचिव अखिलेश शर्मा और कोषाध्यक्ष बने निर्मल अग्रवाल, कार्यकारिणी का हुआ गठन, दी गई बधाई

### समाजहित में स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की सत्र 2025-2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन देर शाम भुरकुंडा उत्सव मैरिज हॉल स्थित क्लब कार्यालय में गरिमामयी माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। समारोह में सर्वसम्मति से लायन अशोक सिन्हा को क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया, वहीं सचिव की जिम्मेदारी लायन अखिलेश शर्मा और कोषाध्यक्ष का दायित्व लायन निर्मल अग्रवाल को सौंपा गया। कार्यक्रम की विशेष झलक उस समय देखने को मिली जब




निवर्तमान अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल ने परंपरागत बेल एंड गेबल्स सम्मानपूर्वक नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक सिन्हा को सौंपते हुए उन्हें आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रेखा वर्णवाल ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए क्लब की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत बताई। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि वे लायंस क्लब की प्रतिष्ठा और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने आने वाले सत्र में स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, और शिक्षा सहायता जैसी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही क्लब सदस्यों से सहयोग की अपील की। मौके पर उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और समाजसेवा के कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर एमजेएफ राजेंद्र महतो, एमजेएफ संजय कुमार, विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, शिव प्रसाद, माला शर्मा, अंजू देवी और एचएन यादव सहित क्लब के कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।

# या हुसैन या हुसैन या हुसैन के नारों से पूरा कोयलाचल

**समाचार संध्या**

मांडू । रामगढ़ महान त्योहार मोहर्रम इमामे हुसैन की शहादत को याद करते हैं मुस्लिम समुदाय के लोग जिसको लेकर आठवीं तारीख की रात में छोटी ताजिया इमाम बाड़े में बैठाकर या हुसैन या हुसैन या हुसैन के नारों से इमामे हुसैन को याद किया गया वही कुजू के आजाद बस्ती में इमामबाड़े पर छोटी



ताजिया बैठने के बाद केजीएन ग्रुप जरियों, कमांडो ग्रुप हुवाक, हुसैनी काफिला बैंकर,कर्मा महुआ टुंगरी से आए खिलाड़ी ने सलामी पेश किया मुख्य अतिथि के तौर पर कुजू ओपी के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद अख्तर अली को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया सम्मानित करने वालों में मोहम्मद गुलाम नबी, सदर मोहम्मद शमी, सेक्रेटरी मोहम्मद सेराज कोरैसी, खजांची मोहम्मद मोहिम खान, थे सब इंस्पेक्टर अख्तर अली ने बताया की 1447 हिजरी इस्लामिक कैलेंडर के मुताबक चल रहा है हम लोग इमामे हुसैन के शहादत को याद करके उनके बताए मार्ग पर चलने को प्रेरणा मिलता है मौके पर मोहम्मद शमी इम्तियाज आलम,जफर खान, नौशाद सिद्दीकी, अर्जुन मेहता, नेजम अंसारी, मुख्तार खान, सोनू ,इमरान अंसारी, शाहिद कौरैसी, सलिम खान इमरान खान, आदि लोग उपस्थित थे।

# श्री अग्रसेन स्कूल में को-एजुकेशन पर डिबेट का आयोजन

## साझा रूप से सीखने का माहौल देती है सह शिक्षा




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को को-एजुकेशन विषय पर अंग्रेजी में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कनिष्क राज और शुभांगी कुमारी की टीम के बीच तर्क-वितर्क हुआ। सह-शिक्षा के पक्ष में मजबूती से तर्क करते हुए टीम कनिष्क ने कहा कि सह शिक्षा लड़कों और लड़कियों को साझा रूप से सीखने का माहौल देती है। सह शिक्षा लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। जब लड़के और लड़कियां एक साथ पढ़ते हैं, तो वे एक-दूसरे के साथ समान व्यवहार करना सीखते हैं, जिससे लैंगिक रूढ़िवादिता टूटती है। सह-शैक्षणिक वातावरण छात्रों को विपरीत लिंग के साथ सम्मानपूर्वक और आत्मविश्वास से बातचीत करने का अवसर प्रदान करता है। इससे प्रभावी संचार और टीमवर्क का निर्माण होता है। साथ-साथ सीखने से लड़के और लड़कियों के बीच स्वस्थ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है, जिससे प्रदर्शन में सुधार आता है। लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग स्कूल चलाने के लिए ज़्यादा संसाधनों की ज़रूरत होती है, जो ज्यादा खर्चीला है। शुभांगी की टीम ने कहा कि सह शिक्षा किशोरावस्था के दौरान ध्यान भटकाने वाला हो सकता है। विशेषकर जब विद्यार्थी भावनात्मक और सामाजिक परिवर्तनों का अनुभव करना शुरू करते हैं। सह-शिक्षा में कक्षाओं में कुछ विद्यार्थी अपनी बात खुलकर कहने में शर्म या झिझक महसूस कर सकते हैं। लिंग पूर्वग्राह की संभावना बनी रहती है। जिससे आत्म-सम्मान को ठेस पहुंच सकता है या भागीदारी प्रभावित हो सकती है। प्रतियोगिता का संचालन कुमुल कुमार ने किया। डिबेट में उन्नति सिंह, अदिति कुमारी, अनिक अश, इशांत सिंह, मो अनस, अंशु गुप्ता, वर्षा कुमारी, खुशी पांडेय, आदित्य कुमार, वैष्णवी कुमारी, एंजेल वर्मा, निष्ठा अदिति, प्रिंसेस जहान्वी, अंकित चौधरी, मो फैजान, रेहान खान आदि शामिल थे।

# रामगढ़ शहर में मुहर्रम के अवसर पर यातायात व्यवस्था को आवागमन को रूट लाईन में किया परिवर्तित

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट आरिफ कुरैशी**

रामगढ़। मुहर्रम-2025 के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यातायात व्यवस्था कल 6 जुलाई 2025 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक) रामगढ़ शहर में मालवाहक गाड़ी/ट्रक / टेम्पू के आवागमन को पूर्णतः बंद करते हुए रूट लाईन परिवर्तित किया जाता है।जिसमें कोई भी मालवाहक गाड़ी/ट्रक/टेम्पू/ भारी वाहनों / सवारी गाड़ी इत्यादि को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक गाड़ी या ट्रक / बस/भारी वाहनों का पटेल चौक से कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक (भाया सुभाष चौक) तथा कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक से पटेल चौक तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक गाड़ी / ट्रक/बस/भारी वाहनों का बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बरकाकाना तक प्रवेश वर्जित रहेगा।

Reg no:- Government of India
समाचार संध्या
झारखण्ड
SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya
Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com समाचार संध्या न्यूज

# जेएम कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. बिरेन्द्र सिंह की माता का निधन, शोक में डूबा महाविद्यालय परिवार, दी गई श्रद्धांजलि

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएम महाविद्यालय भुरकुंडा के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. बिरेन्द्र कुमार सिंह की माताजी का स्वर्गवास शनिवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले स्थित उनके पैतृक गांव चेवर वेस्ट में हो गया। इस दुखद समाचार से महाविद्यालय परिवार में शोक की लहर है। इस कठिन घड़ी में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्या डॉ. शिला सिंह की अगुवाई में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने गहन दुख व्यक्त किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कॉलेज परिसर में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सभी ने शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में डॉ. नरेन्द्र कुमार पाठक, प्रो. सावित्री विश्वकर्मा, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, डॉ.



विपुल कुमार सिंह, प्रो. मनोज कुमार सिंह, डॉ. लीला सिंह, डॉ. विजय कुमार मिश्रा, प्रो. अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रो. सत्येंद्र नारायण सिंह, डॉ. अरुणजय सिंह, डॉ. शिव शंकर सिंह, प्रो. नीला सिंह, डॉ. शमा बेगम, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राम प्रमोद सिंह, प्रो. अंजनी कुमार सिंह, संतोष कुमार दांगी, प्रो. सुब्रतो घोष, किशोर कुमार, राजेंद्र प्रसाद, कुंवर रंजित सिंह, अशोक कुमार सिंह, बाबूलाल नायक, रंजीत सिंह, अर्जुन राम, राजेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार झा, राजेंद्र राय, रामजीवन सिंह, चंदन झा, बबलू कुमार महतो, गणेश प्रसाद, सीता देवी, अनिता देवी, चिंतामन, शिव शंकर मिश्रा आदि शामिल रहे।

# लायंस क्लब भुरकुंडा ने मां शीतला देवी मंदिर में भव्य भंडारा किया आयोजन

## 300 लोगों को कराया भोजन, पौधों का किया वितरण, संरक्षण का दिया संदेश

## राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का कराया टीकाकरण

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

सेवा, समर्पण और समाज के प्रति संवेदनशीलता का एक वर्ष पूर्ण करते हुए लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने 'नर सेवा ही नारायण सेवा' कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भुरकुंडा के पटेलनगर स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के बाद मां को लड्डू का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद वितरित कर भोजन कराया गया। इस अवसर पर क्लब





नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव लायन अखिलेश शर्मा और कोषाध्यक्ष लायन निर्मल अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस क्लब द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से उक्त कार्यक्रम चलाया जाता रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सेवा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इस मूलमंत्र को आत्मसात कर लायंस क्लब भुरकुंडा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन अभियान के तहत भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कराया गया। साथ ही राज नर्सिंग होम में लगभग 150 लोगों के बीच खिचड़ी वितरित किया गया। वहीं पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा टेकर स्टैंड में आमजनों के बीच फलदार पौधों को वितरण कर हरियाली व संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल, लायन रेखा वर्णवाल, लायन अंजू देवी, लायन शिवा प्रसाद, एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, माला शर्मा, एमजेएफ संजय जायसवाल, लायन विजयंत कुमार, डॉ. एमके मंजुल, सोनाराम मांझी, रेखा मंजुल, निर्मल अग्राल, सूबेदार एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, विजय वर्णवाल, भूपेंद्र सिंह सैनी (जीबू), रमेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, विमल यादव, रेणु जायसवाल, राजेश अग्रवाल, अजय सिंह सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएवी स्कूल रजरप्पा प्रोजेक्ट में वन महोत्सव मनाया, दर्ज़नों पेड़ लगाए।




**समाचार संध्या**

रजरप्पा। रजरप्पा कोयलांचल की प्रतिष्ठित विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में साप्ताहिक वन महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम और उत्साहपूर्वक किया गया। इस महोत्सव में कक्षा छठी से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। साप्ताहिक दिनों में बच्चों के बीच कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ना तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना था। शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों द्वारा मिलकर विद्यालय परिसर में फलदार, छायादार एवं औषधियुक्त पौधे लगाए गए। बीते सात दिनों में बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिताए आदि आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय की प्राचार्य ने कार्यक्रम की शुरुआत की उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी। बच्चों को संबोधन में प्रकृति से जुड़े रहने की सलाह दी। बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को एक–एक पौधा लगाना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण सुंदर एवं स्वच्छ हो। यह अति आवश्यक है कि पौधे लगाने के पश्चात उसकी देखभाल भी हो। सभी ने पौधों को देखभाल करने की संकल्प लिया।

# पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर दिया गया विशेष जोर






**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

पतरातू डैम स्थित सरोवर विहार रिजॉर्ट में शनिवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल और संचालन वरिष्ठ नेता अमर यादव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, प्रखंड प्रभारी सह प्रदेश महासचिव शांतनु मिश्रा एवं जिला पर्यवेक्षक सह ट्रेनर राजीव मेहता शामिल हुए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्षों और प्रखंड के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। साथ ही प्रखंड अध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारियों को कांग्रेस का दो झंडा–एक अपने घर तथा दूसरा अपने-अपने पंचायतों के चौक-चौराहों पर लगाने हेतु दिया गया। प्रखंड प्रभारी शांतनु मिश्रा ने कहा कि राज्य प्रभारी राजू जी के नेतृत्व में सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से संगठन का मजबूती से पुनर्गठन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कार्यकर्ताओं से जनसरोकार के मुद्दों पर सक्रिय रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी निरंकुश पदाधिकारी के खिलाफ आंदोलन कर सरकार पर उसे हटाने का दबाव बनाया जाएगा। पर्यवेक्षक राजीव मेहता ने बूथ और पंचायत स्तर पर संगठन को विस्तार देने के लिए कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के समापन पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गठित 12 सदस्यीय प्रखंड कमेटी और 5 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष अनिल सिंह, लखन राम, मो. मुख्तार अंसारी, शिबू महतो आदि शामिल हैं। वहीं प्रखंड कमेटी में उपाध्यक्ष संजय यादव, मो. इकबाल हुसैन, महासचिव शंभू सिंह, प्रकाश दास, वीरू सिंह, प्रियंवदा प्रिया, मोबीन खान, अनिल कुमार, हरिदास साव, मुनेश्वर बेदिया, राम किशोर महतो शामिल हैं। बैठक में पतरातू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ननकी को गिरिडीह विधानसभा का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. केके शर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, मो कयूम अंसारी, रंजीता करमाली, नीरज पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण व सदभावना तरीके से मनाएं मुहर्रम का त्यौहार : शहजादा अनवर



**समाचार संध्या**

रजरप्पा । झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमिटी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों से कांग्रेस पार्टी आवासीय कार्यालय चितरपुर में सभी जिलेवासियों को मुहर्रम की बधाई दी। उन्होंने सभी लोगो से अपील करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों को कहा की मुहर्रम त्यौहार को शांति पूर्ण तरीके से सदभावना के साथ मनाये, साथ जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करें और अनुशासन का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए तथा समय के साथ जुलूस निकालने की बात कही। जुलूस का नेतृत्व करने वालो से ग्रामीण क्षेत्रों के सदर- सेक्रेटरी से अपील करते हुए कहा कि जुलूस में किसी भी तरह का अप्रिय घटना न हो इसका विशेष ख्याल रखा जाय। मुहर्रम जुलूस में यदि किसी भी व्यक्ति या असामाजिक तत्वों के द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाती हैं तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें और सम्बंधित व्यक्ति को चिन्हित कर जुलूस से बाहर करे। मुहर्रम का पर्व सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करें, ताकि रामगढ़ जिला का नाम पुरे झारखण्ड प्रदेश में शांति व्यवस्था का बेहतरीन पैगाम जा सकें। उन्होंने कहा कि भाईचारगी से आपसी प्रेम भाव से मुहर्रम मनाएं।

# मुहर्रम त्यौहार को लेकर चितरपुर में जिला प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च।





**समाचार संध्या**

रजरप्पा। मुहर्रम त्यौहार को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा चितरपुर में फ्लैग मार्च निकाला गया। रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज़ एवं रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया इस मौके पर दर्ज़नों पुलिस अधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल के तैनात जवानो ने भाग लिया, पैदल चितरपुर बाजार टांड से मैन रोड होते हुए रजरप्पा मोड़ तक पुलिस बल के जवान पहुँचे।इस अवसर पर उपायुक्त ने आपसी प्रेम भाईचारगी के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण के साथ मुहर्रम त्यौहार को मनाने का पैगाम दिए। इस मौके पर चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, रजरप्पा पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार उदय कुमार, रंजीत महतो सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# रामगढ़ प्रशासन ने मोहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च निकाला, डीसी और एसपी ने लोगों से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने किया अपील



**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट आरिफ कुरैशी**

रामगढ़। रामगढ़ जिला प्रशासन के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न बनाने के लिए लोगों से अपील जारी की गई है. इसे लेकर प्रशासन ने रजरप्पा थाना क्षेत्र के छतरपुर शिवालय रोड, बड़कीपौना, चट्टीबाजार चितरपुर, छतरमांडू, कोठार, बाजारटांड़, चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, पूर्णी मंडप, गोलपार्क, थाना चौक सुभाष चौक पटेल चौक समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला. साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात कर पर्व के संबंध में आवश्यक जानकारी लिया. इस ले रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस का सहयोग करने, जुलूस केवल निर्धारित मार्गो से ही निकालना एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का पूर्णता पालन करने, जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के उत्तेजक आपत्तिजनक या भड़काओ गानों, नारो या भाषणों का प्रयोग न करने, किसी भी प्रकार के यथाहीन भ्रामक गलत सूचना फोटो वीडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया यथा आदि पर शेयर अपलोड करने से बचे एवं किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान ना दें, रामगढ़ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार पहली नजर रखी जा रही है, उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी, किसी भी अप्रिय घटना या असमाजिक गतिविधि संबंधित सूचना हमारे कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9262 998629 एवं मीडिया सेल मोबाइल नंबर 9162 38 844 वह 112 पर कॉल करने, समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रामगढ़ पुलिस आप सभी से सहयोग की अपेक्षा रखती है, आशा करती है कि आप मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक सुरक्षित एवं सोहार्द पूर्ण वातावरण में मनाएंगे, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी, मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने के मद्देनजर सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति संयुक्त जिलादेश के माध्यम से किया गया है. फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर/ रामगढ़, अंचलाधिकारी चितरपुर/ रामगढ़, गोपनीय प्रभारी उपायुक्त कार्यालय परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र रामगढ़ यातायात प्रभारी, रामगढ़ पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रजरप्पा/ रामगढ़ व अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

Reg:-Govt.of india
समाचार संध्या
SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya झारखण्ड
Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com समाचार संध्या न्यूज